राजधानी
वर्ष 12 | अंक 85 | पृष्ठ : 18+8+16=42
मूल्य : चार रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

# अमर उजाला

लखनऊ
शुक्रवार, 20 सितंबर 2019

आज रुपायन



न्यूज़ डायरी

## धूमधाम से इलेक्ट्रेट-2019 का आयोजन



लखनऊ। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग द्वारा तकनीकी एवं सांस्कृतिक उत्सव इलेक्ट्रेट-2019 का धूमधाम से आयोजन किया। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के मुख्य महाप्रबंधक प्रदीप कुमार खरे ने इसका उद्घाटन किया। कार्यक्रम में तकनीकी व सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़ी प्रतिभाओं ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राहुल मिश्रा ने कहा कि इसका आयोजन छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा को मूर्त रूप देने के लिए किया गया। इस अवसर पर एसएमएस महानिदेशक प्रो. भरत राज सिंह, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, प्रो. पीके सिंह आदि ने भी अपने विचार रखे।